# हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(द्वितीय सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## मंगलवार, 3 अप्रैल, 2018/13 चैत्र, 1940 (शक्)

----

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - उद्योग मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** ].

**कुल प्रश्न - 41**

----

### उठाऊ पेयजल योजना

***420** **श्री किशोरी लाल (आनी) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत उठाऊ पेयजल योजना निशानी कुई-कोड़, टोगी, गराहना इत्यादि गांवों के लिए कब प्रारम्भ की गई; और

(ख) गत तीन वर्षों में आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कौन-कौन सी उठाऊ, पेयजल व सिंचाई योजनाएं प्रारम्भ की गई; इन योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

### उद्योगों में रोजगार

***421** **श्री परमजीत सिंह(दून) :**
**श्री रमेश चंद ध्वाला(ज्वालामुखी) :**
**श्री लखविन्द्र सिंह राणा(नालागढ़) :**
**श्री सतपाल सिंह रायजादा(ऊना) :**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में स्थापित उद्योगों में 70 प्रतिशत हिमाचली कुशल और अकुशल मजदूरों को नियमानुसार रखा जा रहा है;

(ख)  यदि हां, तो बी०बी०एन०डी०ए० एवं जिला ऊना में रखे गए मजदूरों का ब्यौरा दें; नियम को लागू करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ग) क्या सरकार रोजगार उपलब्ध करवाने हेतु विशेष टीमें गठित कर उद्योगों की जांच करने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो कितनी टीमें गठित की गई तथा कितने उद्योगों की जांच की गई; ब्यौरा दें?

----

## उद्यान विभाग के नाम भूमि

***422 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग ):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) उद्यान विभाग की नगवांई (मण्डी) में कितनी भूमि है व इस पर क्या कार्य किया जा रहा है; और

(ख) यह सत्य है कि इसमें से कुछ भूमि लीज पर दी गई है; यदि हां, तो यह भूमि किसको, किस उद्देश्य हेतु दी गई है; ब्यौरा लीज राशि सहित दें?

----

## पाठशालाओं में रिक्तियां

***423 श्री सुरेश कुमार कश्यप(पच्छाद) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पाठशालाएं हैं तथा कितनी नई खोली गई; पाठशालावार ब्यौरा दें; इनमें कितने पद किस-किस श्रेणी के रिक्त हैं; और

(ख) सरकार क्या इनको भरने का विचार रखती है?

----

## Modern Slaughter House

***424 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) नगर निगम शिमला के Modern Slaughter House का एग्रीमैंट किस कम्पनी के साथ कब किया गया तथा कब समाप्त होगा; प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) इसमें प्रतिदिन कितनी शिफ्टों में भेड़, बकरियां व मुर्गे काटे जाते हैं;

(ग)  कम्पनी द्वारा निगम को कितनी फीस जमा करवाई गई तथा कितनी शेष है; और

(घ) एग्रीमैंट के अनुसार फीस समय पर अदा न करने पर इस कम्पनी के साथ एग्रीमैंट रद्द क्यों नहीं किया गया; ब्यौरा दें?

----

## बागवानी सिंचाई योजना

***425 श्री नरेन्द्र बरागटा (जुब्बल-कोटखाई ):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पूर्व सरकार द्वारा जुब्बल-कोटखाई हेतु बागवानी सिंचाई योजना स्वीकृत की गई; और

(ख) यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा

***426 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या सरकार द्वारा सैनिक स्कूल, सुजानपुर टीहरा में पढ़ने वाले हिमाचली छात्रों को छात्रवृति दी जाती है;

(ख) यदि हां, तो कितने छात्रों को कितनी-कितनी धनराशि ब्यौरा मापदण्डों सहित दें;

(ग) जब यह योजना आरम्भ हुई थी उस समय कितने छात्रों को दी जा रही थी और वर्तमान में कितनों को दी जा रही है; और

(घ) गत तीन वर्षों में कितने छात्र इसके लिए पात्र थे और कितनों को दी गई; ब्यौरा छात्रों को दी गई धनराशि का कक्षा व छात्रवार दें?

----

## पेयजल समस्या

***427 श्री राजेन्द्र राणा(सुजानपुर) :**
**श्री नरेन्द्र ठाकुर(हमीरपुर) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में हमीरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पेयजल एवं उठाऊ पेयजल योजनाओं के रख -रखाव पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें

(ख) सरकार ग्राम पंचायत बोहनी, वफड़ी, लम्बलू, जीवीं, टिक्कर, साहंनवीं व ताल में पेयजल की समस्या को दूर करने हेतु क्या पग उठा रही है; और

(ग) कार्यकारी अभियंता, हमीरपुर सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य के अन्तर्गत ग्राम पंचायत वारीं, टपरे, सकांदर, नाडसीं और पटनॉन में चल रही पेयजल की समस्या से निपटने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## औद्योगिक क्षेत्र

***428 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बिझड़ तहसील की बल्ह बिहाल पंचायत में नवनिर्मित औद्योगिक क्षेत्र (Industrial area) की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## प्राथमिक स्कूल

***429 श्री हर्षवर्धन चौहान(शिलाई) :**
**श्री सुख राम (पांवटा साहिब) :**
**श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितनी नई पाठशालाएं खोली गई और कितनी स्तरोन्नत (upgrade) की गई हैं; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें;

(ख) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में खोले गए नए स्कूलों और स्तरोन्नत किए गए स्कूलों में शिक्षकों के कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं; पाठशालावार ब्यौरा दें; और

(ग) नई पाठशालाओं में बच्चों को बैठने हेतु भवनों की व्यवस्था की गई है?

----

## Minimum Wages

***430 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the State Government has not linked the minimum wages to price hike; and

(b) if so, whether Government proposes to do this at the earliest?

----

## राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल

***431 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राजकीय महाविद्यालय, लडभड़ोल के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; कितनी व्यय की गई तथा कितनी शेष है; कार्य कब तक पूर्ण किया जाएगा; और

(ख) यह सत्य है कि राजकीय महाविद्यालय जोगिन्द्रनगर में स्टाफ क्वाटरों का निर्माण किया जा रहा है; यदि हाँ, तो इनका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण किया जाएगा?

----

## पेयजल/सिंचाई योजनाओं की निविदाएं

***432 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य मण्डल, देहरा के अन्तर्गत विभिन्न पेयजल तथा सिंचाई योजनाओं की निविदाएं किन-किन ठेकेदारों को दी गई; और

(ख) वर्तमान में कितनी योजनाओं का कार्य प्रगति पर है कितनी का पूर्ण कर लिया गया तथा किन योजनाओं का कार्य अभी आरम्भ नहीं किया गया है; पूर्ण ब्यौरा दें?

----

## नागरिक अस्पताल ज्वाली

***433 श्री अर्जुन सिंह(ज्वाली) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नागरिक अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना के लिए कोई मानक निर्धारित हैं; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) नागरिक अस्पताल ज्वाली में मानकों अनुसार सभी सुविधाएं रोगियों को प्रदान की जा रही हैं; और

(ग) इस अस्पताल में कितने पद चिकित्सकों व अन्य कर्मचारियों के सृजित हैं; ब्यौरा दें?

----

## कृत्रिम झील

***434 श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने घुमारवीं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सीर खड्ड पर कृत्रिम झील बनाने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## रा०व०मा०पा० बैहली

***435 श्री राकेश कुमार (सुन्दरनगर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बैहली, तहसील सुन्दरनगर में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (RMSA) के अन्तर्गत भवन निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत हुई है; यदि हां, तो निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## Co-operative Societies

***436 Sh. Ravinder Kumar (Jaisinghpur):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state that:-
(a) during the last three years how many existing buildings of Co-operative Societies in District Kangra were demolished by the Management Committee without getting them declared unsafe by the technically competent committee;

(b) names and numbers of such societies and the reason for demolition of buildings without seeking any technical clearances; details be given; and

(c) how much funds of financial assistance from ICDP were released to these Societies?

----

## Funds Sanctioned under SCCP

***437 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state that during the last three years how much funds have been sanctioned for various construction works under SCCP Plan in Rampur Division; detail be given?

----

## राजकीय महाविद्यालय ददाहू

***438 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी ):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि राजकीय महाविद्यालय ददाहू की अधिसूचना हुई है; यदि हाँ, तो कब तक कक्षाएं प्रारम्भ की जाएंगी ?

----

## Vacancy Position

***439 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Education Minister** be pleased to state that:-

(a) as on 15-02-2018 how many posts of different categories are sanctioned in Government Primary and Middle Schools in Kullu Assembly Constituency; school wise detail be given; and

(b) how many posts are lying vacant and by when these will be filled up?

----

## Senior Secondary School Kothi-Deora

***440 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Education Minister** be pleased to state that what is the latest position of construction of the building of Senior Secondary School Kothi-Deora (Ghtti); by when it will be completed?

----

## उठाऊ पेयजल योजनाएं

***441 श्री पवन कुमार काजल(कांगड़ा) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) उठाऊ पेयजल योजना शमीरपुर तियारा (प्रथम , द्वितीय, तृतीय चरण) पेयजल

योजना सनौरा सलांगडी, गग्गल, सहौड़ा, दौलतपुर, जलाडीं, तकीपुर व समेला सकौट का कार्य एवं संवर्धन कब आरम्भ किया जाएगा; और

(ख) कांगड़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई विभाग की कार्यान्वित पेयजल स्कीमों जैसे ठाकुरद्वारा, गाहलियाँ, भंगवार, सुकाबाग, राजल, खर्टी, नंदरूल, खोली, घुरकड़ी, बीरता व कछियारी की अद्यतन स्थिति क्या है; ग्राम पंचायत राजल की स्कीम में क्या पाइपें पड़ी हैं; कार्यान्वित सिंचाई योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## सीवरेज योजना

***442 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चम्बा शहर में कितने वार्ड ऐसे हैं जहां सीवरेज लाईन नहीं बिछाई गई है; ब्यौरा दें;

(ख) चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सुल्तानपुर/भरियाट, जनसाली वार्डों हेतु अतिरिक्त सीवरेज योजना की डी0 पी0 आर0 की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) मुहल्ला हटनाला की सीवरेज लाईन जो बहुत पुरानी है, को बदलने हेतु सरकार विचार करेगी ?

----

## राजकीय महाविद्यालय चनोग

***443 श्री विक्रमादित्य सिंह (शिमला ग्रामीण):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि शिमला ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पंचायत चनोग में सरकार द्वारा कॉलेज खोलने की नोटिफिकेशन जारी कर दी है; और

(ख) यदि हां,तो कब तक भवन का निर्माण व कक्षाएं आरम्भ कर दी जाएंगी; ब्यौरा दें?

----

## मल निकासी योजनाएं

***444 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में मल निकासी की कुल कितनी योजनाएं हैं और कितनी निर्माणाधीन हैं; इन योजनाओं को पूर्ण करने हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; ब्यौरा दें;

(ख) मनाली मल निकासी योजना हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की है; और

(ग) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु मल निकासी योजना स्वीकृत है; ब्यौरा दें?

----

## स्वास्थ्य संस्थान

***445 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2017-18 में आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने स्वास्थ्य संस्थान कहां-कहां खोले गए; संस्थानवार ब्यौरा दें?

----

## हैंड पम्प

***446 श्री लखविन्द्र सिंह राणा(नालागढ़) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में नालागढ़ आई0पी0एच0 डिवीजन के अन्तर्गत कितने हैंड पम्प एवं ट्यूब वैल लगाए गए इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा गांव व पंचायतवार दें; किन-किन हैंड पम्पों पर मोटर लगाई गई है?

----

## आई०आई०टी० कमान्द

***447 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग ):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) आई०आई०टी० मण्डी स्थित कमान्द का संचालन कब आरम्भ हुआ व इसमें कितने स्थानीय लोगों को रोजगार दिया गया; ब्यौरा दें; इनको बोनस, भत्ता व अन्य सुविधाएं नियमानुसार दी जा रही हैं;

(ख) इस संस्थान में भवन व अन्य निर्माण कार्यों में कौन-कौन सी कम्पनियां कार्य कर रही हैं व उनमें कितने स्थानीय लोगों को रोजगार दिया गया; ब्यौरा नाम व पते सहित दें; और

(ग) सरकार को इस सम्बन्ध में कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं; यदि हां, तो उस पर क्या कार्रवाई की गई?

----

## सीवरेज सिस्टम

***448 श्री सुरेश कुमार कश्यप (पच्छाद):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सीवरेज सिस्टम राजगढ़ की डी0 पी0 आर0 लम्बित है; यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## डंगों का निर्माण

***449 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि फेज़-III न्यू शिमला में सड़क के किनारे डंगे गिरे हुए हैं; और

(ख) यदि हां, तो इनके पुनः निर्माण हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## मल निकासी योजना

***450 श्री नरेन्द्र बरागटा (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जुब्बल-कोटखाई निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सरस्वती नगर तथा आस-पास के गाँव की मल निकासी योजना का शिलान्यास कब किया गया व इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## सहकारी बैंकों की नॉन पेमेन्ट ऐसेट्स

***451 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश सरकार के सहकारी बैंकों की नॉन पेमेन्ट ऐसेट्स (Non-Payment Assets) कितनी है; ब्यौरा बैंकवार दें?

----

## औद्योगिक इकाइयां

***452 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितने नए उद्योग स्थापित किए गए व कितने उद्योग बन्द हुए; ब्यौरा दें?

----

## स्कूल भवन

***453** **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला सिरमौर में कितने प्राथमिक स्कूल भवन रहित हैं; और

(ख) सरकार भवन रहित स्कूलों के भवन बनाने हेतु क्या पग उठा रही है?

----

## Violation of rules

***454** **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Education Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that a student of HP University was given admission in M.Phil and Ph.D in violation of the rules; and

(b) if yes, what action has been taken?

----

## चिकित्सकों की रिक्तियां

***455** **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जोगिन्द्रनगर जोनल अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लडभड़ोल में डॉक्टरों के कितने-कितने पद सृजित किये गये और कितने रिक्त हैं; और

(ख) रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

## Vacation Period

***456** **Sh. Ramesh Chand Dhawala (Jawalamukhi):**

Will the **Education Minister** be pleased to state that whether the Government will re-consider declaration of the period of vacation to the school children from 1st April to 10th April instead of 1st January to 10th January?

----

## पाठशालाओं का उन्नयन

***457 श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में घुमारवीं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पाठशालाओं का उन्नयन किया गया; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इस अवधि में खोले गए नए प्राईमरी स्कूलों में बच्चों की संख्या कितनी-कितनी है; ब्यौरा स्कूलवार दें?

----

## चिकित्सकों के पद

***458 श्री राकेश कुमार(सुन्दरनगर) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) नागरिक चिकित्सालय सुन्दरनगर और जोगिन्द्रनगर में डॉक्टरों के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं; X-Ray एवं अल्ट्रासाउंड मशीन कब लगाई गई;

(ख) सुन्दरनगर और जोगिन्द्रनगर अस्पताल की वार्षिक ओ0पी0डी0 कितनी-कितनी है;

(ग) पी0एच0सी0 बलग तहसील निहरी, सुन्दरनगर के भवन का शिलान्यास कब हुआ और विभाग के नाम जमीन का स्थानान्तरण कब हुआ;

(घ) नागरिक अस्पताल, सुन्दरनगर व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हाड़ा बोई में कितने पद किस-किस श्रेणी के स्वीकृत हैं, कितने भरे हुए हैं व कितने रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; और

(ङ.) यह सत्य है कि अस्पताल में इनडोर सुविधा उपलब्ध है; यदि हां, तो इसमें कितने बिस्तर तथा क्या सुविधाएं लोगों को उपलब्ध करवाई जा रही हैं; ब्यौरा दें?

----

## Sanction of Funds

***459 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that during the last three years how much funds have been sanctioned for drinking water and irrigation schemes in Rampur division; detail be given?

----

## **रैफरल अस्पताल ददाहु में रिक्तियां**

***460 श्री विनय कुमार(श्री रेणुकाजी ) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) रैफरल अस्पताल ददाहु में कितने डॉक्टर, स्टाफ नर्से और टैक्निकल स्टाफ के पद स्वीकृत हैं और कितने पद रिक्त हैं;

(ख) रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ग) श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं; उप-स्वास्थ्य केन्द्र जरग के भवन की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(घ) क्या इनके भवन बनकर तैयार हो चुके हैं; यदि नहीं, तो कारण?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 19 मार्च , 2018.** **सचिव।**